# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. देश के साथ द्वीपों के विभिन्न भागों में भी कल अस्सीवां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना से मनाया गया।
2. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने विदेशी संपत्तियों से जुड़े छोटे करदाताओं के लिए विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं।
3. ग्राम पंचायत गोविंद नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क का एक वर्ष का अग्रिम भुगतान करने के लिए पुरस्कार–आधारित पहल शुरू की गई है।
4. अंडमान निकोबार स्टेट ओपन चेस चैम्पियनशिप 11 सितम्बर से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कल पूरे देश के साथ द्वीपों के विभिन्न भागों में अस्सवीवां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने अपने मुख्यालय सहित क्षेत्रीय केंद्र मिनीकॉय तथा तीनों ज़िलों के कृषि विज्ञान केंद्रों में स्वतंत्रता दिवस मनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में डॉ. जय सुंदर ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए पिछले आठ दशकों में कृषि परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला। डिगलीपुर में स्वतंत्रता दिवस पूरे देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष अलगर स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विवेकानंद स्टेडियम में ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए द्वीपों तथा राष्ट्र की प्रगति एवं कल्याण के प्रति सभी के सामूहिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने उप–जिला अस्पताल, डिगलीपुर का दौरा कर

मरीजों को फल वितरित किए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र परिसर, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग में भी स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने विदेशी संपत्तियों से जुड़े छोटे करदाताओं के लिए विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। इस योजना के तहत पात्र करदाता निर्धारित कर या शुल्क का भुगतान करके कुछ अघोषित विदेशी संपत्तियों या विदेशी आय की घोषणा कर सकेंगे। यह योजना आज से लागू हो गई है। इसके तहत घोषणा दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। इसके बाद कोई घोषणा दाखिल नहीं की जा सकेगी। यह एक बार की स्वैच्छिक घोषणा योजना है, जो वित्त अधिनियम 2026 के अध्याय चार में शामिल है। आयकर विभाग ने योजना को समझने में करदाताओं की मदद के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किए हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज यूजीसी–नेट जून 2026, सी.एस.आई.आर–नेट और आई.सी.ए.आर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के लिए अनंतिम उत्तर कुंजी जारी करेगी। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा की उत्तर कुंजी भी आज जारी की जाएगी। एजेंसी ने बताया कि अनंतिम उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के ग्राम पंचायत गोविंद नगर के प्रधान जी. वेंकट राव के नेतृत्व में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क का एक वर्ष का अग्रिम भुगतान करने के लिए पुरस्कार–आधारित पहल शुरू की गई है। यह पहल कल से उपयोगकर्ता शुल्क के समय पर भुगतान को बढ़ावा देने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने और अधिक जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सहायक आयुक्त शिवम ताशी धावा ने अपने संबोधन में परिवारों से आग्रह किया कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सक्रिय रूप से भाग लें और क्षेत्र को स्वच्छ एवं टिकाऊ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने इस पहल में भाग लेने वाले परिवारों को पुरस्कृत किया। ग्राम पंचायत प्रधान ने

कहा कि पंचायत लगभग 70 प्रतिशत परिवारों को अग्रिम उपयोगकर्ता–शुल्क भुगतान प्रणाली के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के तकनीकी सहयोग से 'योजना से कार्रवाई तक अस्पताल की तैयारी, सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत करना' विषय पर अनिम्स में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कल और 18 अगस्त को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में जी बी पंत अस्पताल, अनिम्स के डॉक्टरों, सहायक प्रोफेसरों, अस्पताल प्रबंधकों और नर्सिंग अधिकारियों के लिए रखा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से अंडमान निकोबार स्टेट ओपन चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप 11 से 13 सितम्बर तक रांची बस्ती स्थित सीपीडब्लूडी के बहुउददेशीय सभागार में आयोजित होगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में स्विस प्रणाली के तहत कुल नौ राउंड खेले जाएंगे। विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी प्रवेश शुल्क के साथ 26 अगस्त तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

हज समिति ने हज–2027 के लिए प्रशिक्षकों के चयन हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार हज समिति की वेबसाइट पर 11 से 23 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण और 25 से 60 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार पात्र होंगे। आवेदक का पिछले पांच वर्षों में हज किया होना आवश्यक है। इसके साथ ही उसे अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी या किसी स्थानीय भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न विषयों के कुल चार पदों पर भर्ती के लिए अतिथि प्रवक्ताओं का पैनल तैयार किया जाएगा। इसके लिए 19 अगस्त सुबह दस

बजे से कॉलेज प्राचार्य के कक्ष में सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप और दिशा–निर्देश कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा कॉलेज के सूचना पट्ट पर भी दर्शा दिया गया है। उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ में साक्षात्कार में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए, योग्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों से प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत नए और नवीनीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनाओं के तहत सभी स्रोतों से पारिवारिक आय ढाई लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि द्वीपसमूह के सभी अनुसूचित जनजाति छात्र बिना किसी आय सीमा के इस योजना के पात्र हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का आधार विवरण उनके वर्तमान बैंक खाते और पंजीकृत मोबाइल नंबर से लिंक और अपडेटेड होना चाहिए। सहायता के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के अलावा जनजातीय कल्याण निदेशालय में एक समर्पित हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मे विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में कुछ सीटे रिक्त पड़ी हैं। इन रिक्त पड़े सीटों पर प्रवेश के लिए कॉलेज सीधे प्रवेश 19 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित करेगा।

<><><><><><><>